# University in News on 16 September 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## सात कोर्सों का प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

### लविवि : वेबसाइट पर देख सकते हैं बीए एनईपी, बीएससी बायो व मैथ्स, बीकॉम ऑनर्स, डीफार्मा, बीबीए व बीसीए का रिजल्ट

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से नए सत्र 2022-23 में स्नातक प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा के अंतर्गत बृहस्पतिवार को सात कोर्सों का परिणाम जारी कर दिया गया। विवि प्रशासन के अनुसार, बीए एनईपी, बीएससी बायो व मैथ्स, बीकॉम ऑनर्स, डीफार्मा, बीबीए व बीसीए का परिणाम जारी किया गया है। मेरिट लिस्ट विवि की वेबसाइट व एडमिशन पेज पर अभ्यर्थी देख सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बीए एनईपी में हर्षिता सिंह ने 166 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग में 156 अंक प्राप्त कर अनिका ने टॉप किया है। अनुसूचित जाति में 144 अंक प्राप्त कर दयानंदन ने टॉप किया है। वहीं बीएससी बायो में 166 अंक प्राप्त कर प्रकाश मनोहर, अन्य पिछड़ा वर्ग में 146 अंक प्राप्त कर शिवांगी वर्मा व अनुसूचित जाति में 136 अंक प्राप्त कर हर्षिता राज ने टॉप किया है।

बीएससी मैथ्स में ऋतिक पटेल ने 164 अंक प्राप्त कर ओवरऑल व ओबीसी वर्ग में भी टॉप किया है। छात्राओं में अंजलि मिश्रा ने 162 अंक व अनुसूचित जाति में 136 नंबर पाकर अभिषेक रावत ने टॉप किया है। अनुसूचित जनजाति में 102 अंक प्राप्त कर आयुष कुमार गौड ने टॉप किया है। बीकॉम ऑनर्स में हिमांशु वर्मा ने 154 अंक तो छात्राओं में श्रेया श्रीवास्तव ने 150 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। अन्य पिछड़ा वर्ग में शुभम जैसवाल ने 142 अंक व अनुसूचित जाति में अभ्युदय लाल ने 132 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। वहीं डीफार्मा में 110 अंक प्राप्त कर अंजली कुमारी ने ओवरऑल व ओबीसी वर्ग में प्रथम स्थान पाया है। अनुसूचित जाति में अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीबीए में राहुल आनंद ने 180 अंक तो छात्राओं में 166 अंक प्राप्त कर श्रेया श्रीवास्तव ने टॉप किया है। अन्य पिछड़ा वर्ग में खुशबू व अनुसूचित जाति में वरुण प्रकाश ने टॉप किया है। बीसीए में अथर्व शर्मा ने व छात्राओं में श्रद्धा मेहरोत्रा ने और अन्य पिछड़ा वर्ग में निशांत यादव व अनुसूचित जाति में आदर्श सिंह ने टॉप किया है।

#### बीए एनईपी और डीफार्मा के एंट्रेंस एग्जाम में छात्राओं ने किया टॉप

#### बीए-बीएससी की प्रवेश काउंसिलिंग 19 से

प्रो. माथुर ने बताया कि बीए एनईपी व बीएससी एनईपी की काउंसिलिंग 19 सितंबर को दोपहर से शुरू होगी। वहीं बीकॉम ऑनर्स, डीफार्मा, बीबीए, बीसीए व डीफार्मा की ऑनलाइन प्रवेश काउंसिलिंग 18 सितंबर से शुरू होगी। ऑनलाइन काउंसिलिंग का विस्तृत विवरण 15 सितंबर को विवि की वेबसाइट व एडमिशन पेज पर जारी होगा।

#### एलएलबी, बीकॉम एनईपी की काउंसिलिंग आज से

विवि प्रशासन की ओर से दो दिन पहले जारी एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीकॉम एनईपी, बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड व बीवीए की प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया 16 सितंबर से शुरू हो रही हैं। अभ्यर्थी 18 सितंबर तक अपनी ऑनलाइन च्वॉइस भर सकेंगे।

#### लविवि : एमबीए के प्रवेश इंटरव्यू 19 से

लविवि में पीजी प्रवेश के अंतर्गत एमबीए-एमटीटीएम में जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे, उनके इंटरव्यू 19 से 22 सितंबर तक होंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 16 सितंबर दोपहर से अभ्यर्थी अपनी लॉगिन से इंटरव्यू लेटर डाउनलोड कर सकते हैं। विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर नोटिस में अभ्यर्थियों के इंटरव्यू से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई है।

#### बीपीएड का फिजिकल टेस्ट 24-25 को

लखनऊ विवि में बीपीएड प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट 24 व 25 सितंबर को विवि के ओल्ड कैंपस में होगा। वहीं एमपीएड में प्रवेश के लिए फिजिकल टेस्ट 23 सितंबर को होगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित किट में विवि के ओल्ड कैंपस स्थित पवेलियन ग्राउंड में सुबह पांच बजे रिपोर्ट करनी होगी।

PIONEER PAGE 3

## मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में थारू जनजाति को आत्मनिर्भर बनाएगा एलयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लविवि** की तरफ से इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 72वाँ जन्म दिवस एक अनूठी पहल से मनाया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत रेखांकित सामाजिक सरोकार को स्वीकार करते हुये विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने जनजातीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम को 17 सितम्बर को थारू जनजाति के साथियों के साथ दुस्कियाँ गाँव, चन्दन चौकी, लखीमपुर खीरी में आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रो राय ने बताया कि मानव विज्ञान विभाग जनजातियों पर शोध एवं प्रशिक्षण करता रहा है। कौशल प्रशिक्षण जनजातियों के लिए विशेष सहयोगी होगा। इसी श्रृंखला में दो ग्राम सभा दुस्किया व परसिया के ग्राम प्रधानों ने 72 परिवारों को उद्यमिता सहायता हेतु चिन्हित किया है। उन्हें विकसित मछली जाल एवं बीज वितरित किये जायेंगे। उन्हें जैविक खाद्य भी वितरित की जायेगी। लविवि ने मत्स्य विभाग द्वारा एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। थारू जनजाति के सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

#### दस सरकारी अस्पतालों सहित 36 ट्रस्ट लगायेंगे रक्तदान शिविर

**लखनऊ।** पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग रक्तदान दिवस के रूप में मनायेगा। इसके तहत 10 सरकारी अस्पतालों सहित 36 चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जहां कोई भी सेहतमंद व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकता है। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया कि 17 सितंबर को राजधानी के 10 सरकारी अस्पतालों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। 36 चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कोई भी सेहतमंद व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकता है। लोहिया संस्थान में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ वीके शर्मा ने बताया कि 18 साल से अधिक उम्र का कोई भी सेहतमंद व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें।

#### दाखिले के लिए लविवि ने जारी की मेरिट सूची

**लखनऊ।** लविवि में स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत कुछ पाठ्यक्रमों की मेरिट गुरुवार को विवि की तरफ से जारी कर दी गयी है। साथ ही छात्रों की कम्प्लीट मेरिट लिस्ट विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर अपलोड कर दी गयी है। जबकि काउंसलिंग बीए व बीएससी एनईपी को छोडकर 18 सितंबर को शुरू होगी। वहीं बीए व बीएससी की काउंसलिंग 19 सितंबर से शुरू होगी। विवि की तरफ से जिन पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची जारी की गयी है, उनमें डी फार्मा, बीबीए, बीकॉम ऑनर्स, बीए, बीएससी बायो, बीएससी मैथ और बीसीए शामिल है। विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो पंकज माथुर के अनुसार डीफार्म में 110 अंक लाकर टॉप किया है। इसी तरह बीबीए में 180 अंक पाकर राहुल आनंद ने टॉप किया है। बीकॉम आनर्स में 154 अंक हासिल कर हिमांशु वर्मा और बीए में 166 अंक प्राप्त कर हर्षिता ने टॉप किया है। बीएससी बायो में 166 अंक हासिल कर प्रकाश मनोहर ने और बीएससी मैथ में 164 अंक हासिल कर ऋतिक पटेल ने, बीसीए में 148 अंक हासिल कर अथर्व शर्मा ने टॉप किया है। वहीं विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक प्रवेश के तहत एमबीए/एमटीटीएम की परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों के इंटरव्यू 19 सितंबर से 22 सितंबर के बीच होंगे।

HINDUSTAN PAGE 6

## लविवि : पीएम मोदी के जन्मदिन पर जनजातियों के उद्यमिता की शुरुआत

माई सिटी रिपोर्टर

लखीमपुर खीरी में थारू जनजाति के लोगों के बीच विवि करेगा आयोजन

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिन पर 17 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय एक विशेष पहल करने जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सामाजिक सरोकारों के तहत लखीमपुर खीरी में थारू जनजाति के लोगों को उद्यमिता विकास से जुड़ी जानकारी के साथ सामग्री भी वितरित की जाएगी। वहीं उनके बच्चों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

प्रेसवार्ता के दौरान कुलपति प्रो. आलोक राय।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रेसवार्ता में बताया कि 17 सितंबर को जनजातीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11:30 बजे से लखीमपुर खीरी में गांव दुस्किया व परसिया में किया जाएगा। इसमें 72 परिवारों को मत्स्य पालन व कृषि में बेहतर काम करने के लिए जानकारी दी जाएगी। साथ ही जाल, खाद व बीज वितरण किया जाएगा। जनजाति समूह के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले 16 सितंबर को उनके बच्चों के लिए कक्षा 6 से 9 और 9 से 12 तक के बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता होगी। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिले के संबद्ध कॉलेजों की ओर से 100 बच्चों को पाठ्य सामग्री व मिष्ठान वितरण होगा। आयोजन विवि के मानव शास्त्र विभाग व भाऊराव देवरस शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा रहा है। प्रो. राय ने बताया कि थारू जनजाति की अर्थव्यवस्था कृषि व मत्स्य पालन पर आधारित है। सरकार के साथ लविवि उनकी संस्कृति बढ़ाने में सहयोग कर रहा है।

## डीफार्मा प्रवेश परीक्षा में अंजलि बनीं टॉपर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश परीक्षा (यूजीइटी-2022) के तहत डी फार्मा, बीबीए, बीकॉम (ऑनर्स), बीए, बीएससी बायोलॉजी एवं गणित, बीसीए की प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें अंजली कुमारी ने 110 अंक हासिल कर डीफार्मा में टॉप किया है। वहीं बीबीए में राहुल आनंद 180 अंक हासिल कर शीर्ष पर रहे।

जानकारी के अनुसार बता दें कि परीक्षार्थी अपना परिणाम एवं मेरिट लिस्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## एमबीए-एमटीटीएम साक्षात्कार 19 से

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में परास्नातक प्रवेश के तहत एमबीए/एमटीटीएम में जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उनका साक्षात्कार19 से 22 सितम्बर तक होगा। विद्यार्थी शुक्रवार को एलयू की वेबसाइट पर पूरा विवरण देख सकते हैं। परास्नातक प्रवेश के तहत बीपीएड में जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उनका फिजिकल फिटनेस टेस्ट 24 एवं 25 सितम्बर को लखनऊ विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस के पवेलियन ग्राउंड में होगा।

### छात्रों को बायोडाटा, मौखिक स्किल के बारे में बताया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के छात्रों के लिए दो दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की प्रोफेसर आभा दीक्षित ने बायोडाटा और मौखिल स्किल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बायोडाटा और मौखिल कौशल कॉरपोरेट जगत में छाप बना और बिगाड़ सकता है।

### एलयू थारू जनजाति को उद्यमी बनाएगा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस को अनूठे तरीके से मनाएगा। वह थारू जनजातियों को उद्यमी बनाने के लिए 17 सितम्बर से 'जनजातीय उद्यमिता विकास' कार्यक्रम चलाएगा। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि थारू जनजाति की आय का स्रोत कृषि व मत्स्य पालन है। हथकरघों में भी विशेष दक्षता है।

i-NEXT PAGE 5

## सात कोर्सेज की मेरिट हुई जारी

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (15 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने ग्रेजुएशन प्रवेश परीक्षा के सात और पाठ्यक्रमों में शामिल कैंडीडेट्स की पूरी मेरिट सूची गुरुवार को जारी कर दी. इनमें डीफार्मा, बीबीए, बीकाम आनर्स, बीए (एनईपी), बीएससी बायोलाजी, बीएससी मैथ और बीसीए शामिल हैं. कैंडीडेट्स अपने रोल नंबर व रजिस्ट्रड नंबर से मेरिट सूची में अपना नाम देख सकते हैं. इन कोर्सेज (बीए और बीएससी को छोड़कर) की आनलाइन काउंसिलिंग 18 सितंबर से शुरू होगी. वहीं, बीए व बीएससी एनईपी की काउंसिलिंग 19 सितंबर को दोपहर से आरंभ होगी. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा में 110 अंक लाकर अंजलि कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया.**

JAGRAN CITY PAGE III

### एमबीए, एमटीटीएम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 19 से

**लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए और एमटीटीएम (मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट) में दाखिले के लिए साक्षात्कार की तिथि तय कर दी है। साक्षात्कार 19 से 22 सितंबर तक होगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार से अभ्यर्थी लागइन आइडी से साक्षात्कार लेटर डाउनलोड कर सकते है। (जासं)

### लवि में प्रतियोगिता

**लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में इंजीनियर दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। टेक्निकल क्विज में 78, प्रोजेक्ट एवं पोस्टर शोकेस में 35, आनलाइन गेम्स में 18, रंगोली में 12, बेस्ट आउट आफ वेस्ट में 15 व टेक्निकल पीपीटी में 13 विद्यार्थी शामिल हुए। यहां प्रो. आरएस गुप्ता, डा. अनुपम त्रिपाठी उपस्थित रहे। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 6

## थारू जनजाति की मदद करेगा लविवि

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** थारू जनजाति की मदद के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय अपने कदम आगे बढ़ाने जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से ये पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्म दिवस के मौके पर 17 अगस्त को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

इस बारे में गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत रेखांकित सामाजिक सरोकार को स्वीकार करते हुये रोजगारों के सृजन एवं जनजातियों के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुये लखनऊ विश्वविद्यालय ये पहल करने जा रहा है।

प्रोफेसर राय ने कहा 'जनजातीय उद्यमिता विकास' कार्यक्रम को 17 सितंबर को थारू जनजाति के साथियों के साथ लखीमपुर के दुस्कियां गांव, चन्दन चौकी टीम पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि थारू जनजाति उत्तर प्रदेश की 77.47 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या है। इनकी अर्थव्यवस्था कृषि व मत्स्य पालन पर आधारित है। हथकरघों में भी विशेष दक्षता है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय उनकी संस्कृति बढ़ाने में संलग्न हैं। राष्ट्रीय ख्याति व प्रशस्ति प्राप्त विश्वविद्यालय अपने दायित्व को समझते हुये भाऊराव देवरस पीठ एवं मानव विज्ञान विभाग के माध्यम से एक स्थायी सामाजिक कार्यक्रम चलाने को तत्पर है।

जनजातीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम को लेकर पोस्टर लांच करते लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय व अन्य।

**रोजगार बढ़ाने में विश्वविद्यालय का सहयोग-** कुलपति ने बताया कि हौंसले एवं हुनर से आत्मनिर्भर होते भारत में जनजातीय सहभाग भी और बढ़े.यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानव विज्ञान विभाग जनजातियों पर शोध एवं प्रशिक्षण करता रहा है। कौशल प्रशिक्षण जनजातियों के लिए विशेष सहयोगी होगा। विश्वविद्यालय आगे रोजगार प्रशिक्षण, वित्तीय प्रबन्धन एवं युवाओं को बाजार देने में भी सहयोग करेगा।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

## लखनऊ विश्वविद्यालय जनजातीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम कल

**लखनऊ (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72 वें जन्म दिवस पर तराई में रहने वाले थारू जनजाति के लोगों में रोजगारों के सृजन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय 'जनजातीय उद्यमिता विकास' कार्यक्रम 17 सितम्बर 2022 को थारू जनजाति के साथियों के साथ दुस्कियाँ गाँव, चन्दन चौकी, जनपद लखीमपुर खीरी में आयोजित करेंगा। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि थारू जनजाति उत्तर प्रदेश की 77.47 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या है। इनकी अर्थव्यवस्था कृषि व मत्स्य पालन पर आधारित है। हथकरघों में भी विशेष दक्षता है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय उनकी संस्कृति वढ़ाने में संलग्न है। विश्वविद्यालय अपनी भाऊराव देवरस पीठ एवं मानव विज्ञान विभाग के माध्यम से एक स्थायी सामाजिक कार्यक्रम चलाने को तत्पर है। प्रो. राय ने बताया कि राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री दोनों की प्रेरणा का एक व्यवस्थित स्वरूप देना हमारा कर्तव्य है। मानव विज्ञान विभाग जनजातियों पर शोध एवं प्रशिक्षण करता रहा है। कौशल प्रशिक्षण जनजातियों के लिए विशेष सहयोगी होगा। विश्वविद्यालय आगे रोजगार प्रशिक्षण, वित्तीय प्रवन्धन एवं युवाओं को वाजार देने में भी सहयोग करेगा। 16 सितम्बर को विद्यालयों में 'हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' शीर्षक से वच्चों में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 17 सितम्बर को इन प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इसी श्रृंखला में दो ग्राम सभा दुस्किया व परसिया के ग्राम प्रधानों ने 72 परिवारों को उद्यमिता सहायता के लिए चिन्हित किया है। उन्हें विकसित मछली जाल एवं वीज वितरित किये जायेंगे। उन्हें जैविक खाद्य भी वितरित की जायेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय ने मत्स्य विभाग द्वारा एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। थारू जनजाति के सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर लखीमपुर खीरी में आयोजित होगा कार्यक्रम, थारू जनजाति के लोगों दी जाएगी रोजगार सृजन की जानकारी

### लविवि स्नातक प्रवेश परीक्षा की कंप्लीट मेरिट लिस्ट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा (यूजीईटी-2022) के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों की कंपलीट मेरिट लिस्ट लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर एडमीशन पेज पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपने रोल न एवं रजिस्ट्रेशन न से मेरिट लिस्ट में अपना स्थान देख सकते हैं। डी फार्मा पाठ्यक्रम में अंजली कुमारी ने 110 अंक हासिल कर टॉप किया है। वहीं वीवीए में राहुल आनंद 180 अंक हासिल कर शीर्ष पर रहे। इसी प्रकार वीकाम (हानर्स) पाठ्यक्रम में हिमांशू वर्मा ने 154 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। वीए (एईपी) पाठ्यक्रम में हर्षिता सिंह को सवसे अधिक 166 अंक प्राप्त हुए हैं। वीएससी (वायोलोजी) पाठ्यक्रम में 166 अंक प्राप्त कर प्रकाश मनोहर टॉप किया है। वीएससी (मैथ) पाठ्यक्रम में ऋतिक पटेल ने 164 अंक प्राप्त कर ने कम्प्लीट मेरिट ओवीसी वर्ग में टॉप किया है। वीसीए पाठ्यक्रम में अथर्व शर्मा ने 148 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। पाठ्यक्रमों (वीए एवं वीएससी को छोड़कर) की ऑनलाइन काउंसलिंग दिनांक 18 सितम्वर 2022 से प्रारम्भ हो जाएगी। वीए एनईपी एवं वीएससी एईपी की काउंसेलिंग 19 सितम्वर 2022 को अपरान्ह से प्रारम्भ होगी। ऑनलाइन काउंसेलिंग प्रक्रिया का विवरण दिनांक वृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर एडमीशन पेज पर जारी कर दिया गया। अभ्यर्थी काउंसलिंग प्रक्रिया का विववरण एवं निर्देश अवश्य पढ़ लें जिससे उन्हें ऑनलाइन काउंसलिंग में कोई परेशानी न हो।

TOI PAGE 3

## More options in govt sector: LU PhD applicants increase

Times News Network

**Lucknow:** In view of increase in prospects of getting jobs as teachers in degree colleges, Lucknow University (LU) has seen a surge in number of applicants for PhD in Education for the 2021-22 academic session.

As many as 727 candidates have applied for admission to 238 PhD (Education) seats in LU and its affiliated colleges, which is highest in comparison to other subjects. This means about 4 candidates will vie for a single seat.

Experts said mushrooming of BEd colleges in the state and policy changes after the implementation of National Education Policy has created more job opportunities for those having a doctorate degree in Education. Earlier after completing BEd and MEd, candidates usually sought employment in schools. But, now the demand for teaching in undergraduate colleges is expected to increase and for this a candidate must have a PhD degree. Hence, the number of applicationsare high, they added.

"Further, under the NEP, the government has notified a four-year integrated teacher education programme that is expected to create more teaching jobs," said LU Education faculty Amita Bajpai.

She added there are over 20,000 BEd colleges across the state in which over 2.5 lakh students study. "Also, a lot of job and research opportunities are available at the District Institute of Education and Training, State Council of Education Research and Training, National Council Educational Research and Training and others," said LU education faculty Dinesh Kumar.

लखनऊ विश्वविद्यालय में एमपीएड, बीपीएड फिजिकल टेस्ट का शेड्यूल जारी

## एमबीए और एमटीटीएम के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 19 से 22 सितंबर तक

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमपीएड, बीपीएड प्रवेश परीक्षा के बाद अब फिजिकल टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया है। परास्नातक प्रवेश के अंतर्गत एमपीएड में जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए हैं उनका फिजिकल टेस्ट 23 सितंबर को होगा। अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस के पवेलियन ग्राउंड में प्रातः 5 बजे रिपोर्ट करना होगा। परास्नातक प्रवेश के अंतर्गत बीपीएड में जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उनका फिजिकल टेस्ट 24 से 25 सितंबर तक होगा। उन्हें भी ओल्ड कैंपस के पवेलियन ग्राउंड में प्रातः 5 बजे रिपोर्ट करना होगा। इसके साथ ही परास्नातक प्रवेश के अंतर्गत एमबीए और एमटीटीएम में जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उनका साक्षात्कार 19से 22 सितंबर तक होगा।

**आज डाउनलोड करें इंटरव्यू लेटर-** अभ्यर्थी अपने लॉगिन आइडी से इंटरव्यू लेटर डाऊनलोड कर सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर पीजी मैनेजमेंट पर जाकर सूचना नोटिस के साथ ही सभी अभ्यर्थियों के इंटरव्यू का दिनांक, समय तथा स्थान का विवरण दे दिया गया है। अभ्यर्थी उसे देखकर निश्चित समय एवं स्थान पर इंटरव्यू के लिए उपस्थित हों।

**डी फार्मा मेरिट लिस्ट जारी-** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत निम्न पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी अपने रोल नं. एवं रजिस्ट्रेशन नं से मेरिट लिस्ट में अपना स्थान देख सकते हैं।

**बायोडाटा सरल और आसान होना चाहिए-** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के छात्रों के लिए दो दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की प्रोफेसर आभा दीक्षित ने बायोडाटा और स्किल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बायोडाटा और कौशल कॉरपोरेट जगत में छाप बना और बिगाड़ सकता है। ऐसे में बायोडाटा सरल, पढ़ने में आसान, संक्षिप्त होना चाहिए। उसमें सबसे प्रासंगिक और महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होनी चाहिए।

**मेधावियों के साथ अभिभावक भी सम्मानित-** नवयुग कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को समारोह में मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा पर एक परिचर्चा भी हुई। इसमें मुख्य वक्ता पुलिस अधीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, रुचिता चौधरी ने कहा कि बालिकाओं को वैचारिक और निर्णय लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। महिला सुरक्षा और स्वतंत्रता एक दूसरे से संबंधित हैं। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय की 2021 मे आयोजित सेमेस्टर परीक्षा मे दर्शनशास्त्र विषय में 75% से अधिक अंक अर्जित करने वाली महाविद्यालय की 16 छात्राओं को विभागाध्यक्ष मेजर मनमीत कौर सोढ़ी ने अपनी माता स्वर्गीय महेंद्र कौर सोढ़ी की जयंती पर सम्मानित किया।

**अंजलि ने किया डी फार्मा मे टॉप-** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश परीक्षा (यूजीइटी-2022) के तहत डी फार्मा, बीबीए, बीकॉम (ऑनर्स), बीए, बीएससी बायोलॉजी एवं गणित, बीसीए की प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमे अंजली कुमारी ने 110 अंक हासिल कर डीफार्मा में टॉप किया है। वही बीबीए में राहुल आनंद 180 अंक हासिल कर शीर्ष पर रहे। परीक्षार्थी अपना परिणाम एवं मेरिट लिस्ट विश्वविद्लाय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

#### लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 विषय बंदी के कगार पर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले तीन सालों से 10 विषयों से जुड़े विभाग एडमिशन की कमी से जूझ रहे हैं, ऐसे में ये कोर्स अब बंद किए जायेंगे। बताया जा रहा है कि समय के अनुसार कोर्स को अपडेट न किये जाने से ये समस्या आई है, छात्रों का रुझान कम हो रहा है। पीजी के 10 विषय ऐसे हैं जिनकी सीट के बराबर आवेदन पिछले तीन साल से नहीं आए। इसलिए इन विषयों की सीटें पिछले तीन वर्षों में कभी भी भरी नहीं। एमए में आचार्य, अरबी कल्चर, बिजनेस इकोनॉमिक्स, लिंग्विस्टिक, पर्शियन, मास्टर ऑफ पॉपुलेशन स्टडीज ऐसे विषय हैं जिनमें छात्र-छात्राओं की रुचि नहीं दिख रही। वहीं एमए कम्योजिट हिस्ट्री-वेस्टर्न हिस्ट्री के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एमए कम्योजिट हिस्ट्री-वेस्टर्न हिस्ट्री में वर्ष 2020 में 76 सीटों के सापेक्ष 248 आवेदन थे लेकिन वर्ष 2021 और 2022 में आवेदन काफी कम हो गए। 2021 में सिर्फ 23 और 2022 में सिर्फ 39 आवेदन आ सके। ऐसा ही हाल एमएससी मास कम्युनिकेशन इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कोर्स का है। जिसमें 40 सीटों पर 2020 में 12, 2021 में 21 एवं 2022 में 37 आवेदन आए हैं। हालांकि इस बारे में विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि अभी इन कोर्सों को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

JAGRAN CITY PAGE I

## लवि : स्नातक के सात पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची जारी

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश परीक्षा के सात और पाठ्यक्रमों में शामिल अभ्यर्थियों की पूरी मेरिट सूची गुरुवार को जारी कर दी। इनमें डीफार्मा, बीबीए, बीकाम आनर्स, बीए (एनईपी), बीएससी बायोलाजी, बीएससी गणित और बीसीए शामिल है। अभ्यर्थी अपने रोल नंबर व पंजीकरण नंबर से मेरिट सूची में अपना नाम देख सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों (बीए और बीएससी को छोड़कर) की आनलाइन काउंसिलिंग 18 सितंबर से शुरू होगी। वहीं, बीए व बीएससी एनईपी की काउंसिलिंग 19 सितंबर को दोपहर से आरंभ होगी। डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा में 110 अंक लाकर अंजलि कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। ओबीसी भी यही टापर रहीं। एससी वर्ग में अभिषेक कुमार पहले स्थान पर हैं।

विश्वविद्यालय में शुक्रवार से स्नातक के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एलएलबी (पांच वर्षीय), बीकाम एनईपी, बीएजेएमसी, बीएलएड व बीवीए की मेरिट में आने वाले अभ्यर्थी आनलाइन काउंसलिंग के तहत पंजीकरण करा सकेंगे। 18 सितंबर तक मौका रहेगा।

#### इन कोर्सों में प्रवेश परीक्षा के टापर

**बीबीए :** राहुल आनंद टापर हैं। छात्राओं में श्रेया श्री